## प्रश्नावली 13.7

**प्रश्न 1:**

उस लंब वृत्तीय शंकु का आयतन ज्ञात कीजिए:

**(i)** जिसकी त्रिज्या 6 cm और ऊँचाई 7 cm है।

**(ii)** जिसकी त्रिज्या 3.5 cm और ऊँचाई 12 cm है।

**उत्तर 1:**

**(i)** शंकु के आधार की त्रिज्या $r = 6$ cm और ऊँचाई $h = 7$ cm है।

शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi r^2 h$

$= \frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times 6 \times 6 \times 7 \;\; = 264 \text{ cm}^3$

अतः, लंब वृत्तीय शंकु का आयतन 264 $\text{cm}^3$ है।

**(ii)** शंकु के आधार की त्रिज्या $r = 3.5$ cm और ऊँचाई $h = 12$ cm है।

शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi r^2 h$

$= \frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times 3.5 \times 3.5 \times 12 \;\; = 154 \text{ cm}^3$

अतः, लंब वृत्तीय शंकु का आयतन 154 $\text{cm}^3$ है।

**प्रश्न 2:**

शंकु के आकार के उस बर्तन की लीटरों में धारिता ज्ञात कीजिए जिसकी

**(i)** जिसकी त्रिज्या 7 cm और तिर्यक ऊँचाई 25 cm है।

**(ii)** जिसकी त्रिज्या 12 cm और तिर्यक ऊँचाई 13 cm है।

**उत्तर 2:**

**(i)** बर्तन की त्रिज्या $r = 7$ cm और तिर्यक ऊँचाई $l = 25$ cm है।

माना, बर्तन की ऊँचाई = $h$ cm

हम जानते हैं कि, $l^2 = r^2 + h^2$

$\Rightarrow 25^2 = 7^2 + h^2$

$\Rightarrow 625 = 49 + h^2 \;\Rightarrow h^2 = 625 - 49 = 576 \;\Rightarrow h = \sqrt{576} = 24 \text{ cm}$

बर्तन का धारिता $= \frac{1}{3}\pi r^2 h$

$= \frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times 7 \times 7 \times 24 \;\; = 1232 \text{ cm}^3 \;\; = \frac{1232}{1000} = 1.232$ लीटर

अतः, शंकु के आकार के बर्तन की धारिता 1.232 लीटर है।

**(ii)** बर्तन की ऊँचाई $h = 12$ cm और तिर्यक ऊँचाई $l = 13$ cm है।

माना, बर्तन की त्रिज्या = $r$ cm

हम जानते हैं कि, $l^2 = h^2 + r^2$

$\Rightarrow 13^2 = 12^2 + r^2$

$\Rightarrow 169 = 144 + r^2$

$\Rightarrow r^2 = 169 - 144 = 25 \;\Rightarrow r = \sqrt{25} = 5 \text{ cm}$

बर्तन का धारिता $= \frac{1}{3}\pi r^2 h$

$= \frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times 5 \times 5 \times 12 \; = \frac{2200}{7} \text{ cm}^3$

$= \frac{2200}{7 \times 1000} = \frac{11}{35}$ लीटर

अतः, शंकु के आकार के बर्तन की धारिता $\frac{11}{35}$ लीटर है।

**प्रश्न 3:**

एक शंकु की ऊँचाई 15 cm है। यदि इसका आयतन 1570 $cm^3$ है, तो इसके आधार की त्रिज्या ज्ञात कीजिए। ($\pi = 3.14$ प्रयोग कीजिए।)

**उत्तर 3:**

शंकु का आयतन $V = 1570$ $cm^3$ और ऊँचाई $h = 15$ cm है।

माना, शंकु के आधार की त्रिज्या = $r$ cm

शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi r^2 h$

$\Rightarrow 1570 = \frac{1}{3} \times 3.14 \times r^2 \times 15 \quad \Rightarrow 1570 = 3.14 \times r^2 \times 5 \quad \Rightarrow r^2 = \frac{1570}{3.14 \times 5} = 100$

$\Rightarrow r = \sqrt{100} = 10$ cm

अतः, शंकु के आधार की त्रिज्या 10 cm है।

**प्रश्न 4:**

यदि 9 cm ऊँचाई वाले एक लंब वृत्तीय शंकु का आयतन $48\pi$ $cm^3$ है, तो इसके आधार का व्यास ज्ञात कीजिए।

**उत्तर 4:**

शंकु का आयतन $V = 48\pi$ $cm^3$ और ऊँचाई $h = 9$ cm है।

माना, शंकु के आधार की त्रिज्या = $r$ cm

शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi r^2 h$

$\Rightarrow 48\pi = \frac{1}{3} \times \pi \times r^2 \times 9 \quad \Rightarrow 48\pi = \pi \times r^2 \times 3 \quad \Rightarrow r^2 = \frac{48\pi}{\pi \times 3} = 16 \quad \Rightarrow r = \sqrt{16} = 4$ cm

इसलिए, आधार का व्यास = $2 \times 4 = 8$ cm

अतः, आधार का व्यास 8 cm है।

**प्रश्न 5:**

ऊपरी व्यास 3.5 m वाले शंकु के आकार का एक गड्ढा 12 m गहरा है। इसकी धारिता किलोलीटरों में कितनी है?

**उत्तर 5:**

गड्ढे के आधार की त्रिज्या $r = 3.5/2 = 1.75$ m और ऊँचाई $h = 12$ m है।

गड्ढे की धारिता $= \frac{1}{3}\pi r^2 h$

$= \frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times 1.75 \times 1.75 \times 12 \quad = 38.5 \text{ m}^3$

= 38.5 किलोलीटर [$\because 1 \text{ m}^3 = 1$ किलोलीटर]

अतः, गड्ढे की धारिता 38.5 किलोलीटर है।

**प्रश्न 6:**

एक लंब वृत्तीय शंकु का आयतन 9856 $cm^3$ है। यदि इसके आधार का व्यास 28 cm है, तो ज्ञात कीजिए:

**(i)** शंकु की ऊँचाई **(ii)** शंकु की तिर्यक ऊँचाई **(iii)** शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल

**उत्तर 6:**

**(i)** शंकु का आयतन $V = 9856$ $cm^3$ और त्रिज्या $r = 28/2 = 14$ cm है।

माना, शंकु की ऊँचाई = $h$ cm इसलिए, शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi r^2 h$


$\Rightarrow 9856 = \frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times 14 \times 14 \times h \quad \Rightarrow 9856 = \frac{1}{3} \times 22 \times 2 \times 14 \times h \quad \Rightarrow h = \frac{9856 \times 3}{22 \times 2 \times 14} \quad \Rightarrow h = 48$ cm

अतः, शंकु की ऊँचाई 48 cm है।

**(ii)** शंकु की ऊँचाई $h = 48$ cm और त्रिज्या $r = 14$ cm है। माना, शंकु की तिर्यक ऊँचाई = $l$ cm
हम जानते हैं कि, $l^2 = h^2 + r^2$
$\Rightarrow l^2 = 48^2 + 14^2 \quad \Rightarrow l^2 = 2304 + 196 \quad \Rightarrow l^2 = 2500 \quad \Rightarrow l = \sqrt{2500} = 50$ cm
अतः, शंकु की तिर्यक ऊँचाई 50 cm है।


**(iii)** शंकु की तिर्यक ऊँचाई $l = 50$ cm और त्रिज्या $r = 14$ cm है।
शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल = $\pi r l$
$= \frac{22}{7} \times 14 \times 50 = 22 \times 2 \times 50 = 2200 \text{ cm}^2$
अतः, शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 2200 $\text{cm}^2$ है।

## प्रश्न 7:
भुजाओं 5 cm, 12 cm और 13 cm वाले एक समकोण त्रिभुज ABC को भुजा 12 cm के परित घुमाया जाता है। इस प्रकार प्राप्त ठोस का आयतन ज्ञात कीजिए।




## उत्तर 7:
त्रिभुज की 12 cm भुजा के परित घुमाने पर प्राप्त ठोस एक शंकु होगा। जिसकी त्रिज्या $r = 5$ cm, ऊँचाई $h = 12$ cm और तिर्यक ऊँचाई $l = 13$ cm होगी।
ठोस की आयतन = $\frac{1}{3}\pi r^2 h = \frac{1}{3} \times \pi \times 5 \times 5 \times 12 = 100\pi \text{ cm}^3$
अतः, ठोस का आयतन $100\pi \text{ cm}^3$ है।

## प्रश्न 8:
यदि प्रश्न 7 के त्रिभुज ABC को यदि भुजा 5 के परित घुमाया जाए, तो इस प्रकार प्राप्त ठोस का आयतन ज्ञात कीजिए। प्रश्नों 7 और 8 में प्राप्त किए दोनों ठोसों के आयतनों का अनुपात भी ज्ञात कीजिए।




## उत्तर 8:
त्रिभुज की 5 cm भुजा के परित घुमाने पर प्राप्त ठोस एक शंकु होगा। जिसकी त्रिज्या $r = 12$ cm, ऊँचाई $h = 5$ cm और तिर्यक ऊँचाई $l = 13$ cm होगी।
ठोस की आयतन = $\frac{1}{3}\pi r^2 h = \frac{1}{3} \times \pi \times 12 \times 12 \times 5 = 240\pi \text{ cm}^3$
अतः, ठोस का आयतन $240\pi \text{ cm}^3$ है।

## प्रश्न 9:
गेहूँ की एक ढेरी व्यास 10.5 m और ऊँचाई 3 m वाले एक शंकु के आकार की है। इसका आयतन ज्ञात कीजिए। इस ढेरी को वर्षा से बचाने के लिए केनवास से ढका जाना है। वाँछित केनवास का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

## उत्तर 9:
गेहूँ की ढेरी की त्रिज्या $r = 10.5/2 = 5.25$ m और ऊँचाई $h = 3$ m है।
गेहूँ की ढेरी की आयतन = $\frac{1}{3}\pi r^2 h = \frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times 5.25 \times 5.25 \times 3 = 22 \times 0.75 \times 5.25 = 86.625 \text{ m}^3$
अतः, गेहूँ की ढेरी का आयतन 86.625 $\text{m}^3$ है।
माना, गेहूँ की ढेरी की तिर्यक ऊँचाई = $l$ m
हम जानते हैं कि, $l^2 = h^2 + r^2 \Rightarrow l^2 = 3^2 + (5.25)^2 \Rightarrow l^2 = 9 + 27.5625 \Rightarrow l^2 = 36.5625$
$\Rightarrow l = \sqrt{36.5625} = 6.05$ m (लगभग)
वाँछित केनवास का क्षेत्रफल = $\pi r l$
$= \frac{22}{7} \times 5.25 \times 6.05 = 22 \times 0.75 \times 6.05 = 99.825 \text{ m}^2$
अतः, इस ढेरी को वर्षा से बचाने के लिए वाँछित केनवास का क्षेत्रफल 99.825 $\text{m}^2$ है।